दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 15 जून 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 257

# आ रहा है चक्रवाती तूफान बिपरजॉय : मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी, 67 ट्रेनें रद्द, देश के 9 राज्यों में अलर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान बिपरजॉय फिलहाल ईस्ट सेंट्रल अरब सागर की खाड़ी में बना हुआ है औक धीरे-धीरे उत्तर दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। इस तूफान के 15 जून को सौराष्ट्र-कच्छ और आसपास के इलाकों में पहुंचने की प्रबल संभावना है। इसके बाद यह उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर आगे बढ़ेगा और फिर इसके धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है।



गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्रों के साथ-साथ पाकिस्तान के निकटवर्ती क्षेत्रों में चक्रवात बिपरजॉय के आने के बाद से हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। चक्रवात के गुरुवार शाम को लैंडफॉल की भविष्यवाणी की गई है, से जहां तेज हवाएं चल सकती हैं, वहीं भारी बारिश हो सकती है। एक प्रारंभिक उपाय के रूप में अहमदाबाद नगर निगम ने असुरक्षित क्षेत्रों में लगाए गए होर्डिंग्स को हटाने और गिरने की आशंका वाले कमजोर पेड़ों को काटने का निर्णय लिया है।

भीषण चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के गुरुवार को गुजरात में दस्तक देने की आशंका के मद्देनजर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार तक सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्रों में बारिश की चेतावनी जारी की है और मछुआरों को सलाह दी है कि वे समुद्र में न जाएं। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने एहतियात के तौर पर चक्रवात संभावित क्षेत्रों से गुजरने वाली 67 ट्रेनों को रद्द करने का फैसला किया है।

रद्द की गई कुछ ट्रेनों में ओखा-राजकोट अनारक्षित स्पेशल, वेरावल-ओखा एक्सप्रेस, राजकोट-ओखा अनारक्षित स्पेशल, भावनगर टर्मिनस-ओखा एक्सप्रेस, अहमदाबाद-वेरावल एक्सप्रेस, पोरबंदर-वेरावल एक्सप्रेस शामिल हैं।भारतीय तटरक्षक बल भी गुजरात के तट पर सक्रिय रूप से गश्त कर रहा है।

गुजरात में अधिकारियों ने तटीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर निकासी का प्रयास शुरू किया है। चक्रवात के प्रभाव की प्रत्याशा में लगभग 37,800 व्यक्तियों को संवेदनशील क्षेत्रों से अस्थायी आश्रयों में स्थानांतरित किया गया है। कच्छ जिले में जखाऊ बंदरगाह सबसे अधिक प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में से एक है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चक्रवात के लिए राज्य की तैयारियों का आकलन करने के लिए मंगलवार को एक बैठक की अध्यक्षता की। चर्चा में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। मंत्री शाह ने संवेदनशील क्षेत्रों से निवासियों को निकालने और इन क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

नई दिल्ली। अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान बिपरजॉय फिलहाल ईस्ट सेंट्रल अरब सागर की खाड़ी में बना हुआ है औक धीरे-धीरे उत्तर दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। इस तूफान के 15 जून को सौराष्ट्र-कच्छ और आसपास के इलाकों में पहुंचने की प्रबल संभावना है। इसके बाद यह उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर आगे बढ़ेगा और फिर इसके धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है।

गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्रों के साथ-साथ पाकिस्तान के निकटवर्ती क्षेत्रों में चक्रवात बिपरजॉय के आने के बाद से हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। चक्रवात के गुरुवार शाम को लैंडफॉल की भविष्यवाणी की गई है, से जहां तेज हवाएं चल सकती हैं, वहीं भारी बारिश हो सकती है। एक प्रारंभिक उपाय के रूप में अहमदाबाद नगर निगम ने असुरक्षित क्षेत्रों में लगाए गए होर्डिंग्स को हटाने और गिरने की आशंका वाले कमजोर पेड़ों को काटने का निर्णय लिया है।

भीषण चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के गुरुवार को गुजरात में दस्तक देने की आशंका के मद्देनजर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार तक सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्रों में बारिश की चेतावनी जारी की है और मछुआरों को सलाह दी है कि वे समुद्र में न जाएं। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने एहतियात के तौर पर चक्रवात संभावित क्षेत्रों से गुजरने वाली 67 ट्रेनों को रद्द करने का फैसला किया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ईडी ने तमिलनाडु के बिजली मंत्री को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय ने तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को बुधवार तडक़े गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापा कार्रवाई पूरी करने के बाद सेंथिल बालाजी को हिरासत में लिया। वी. सेंथिल बालाजी को लंबी पूछताछ के बाद पीएमएलए एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद उन्हें मेडिकल जांच के लिए चेन्नई के ओमांदुरार सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान मंत्री सेंथिल को रोते हुए देखा गया। उल्लेखनीय है कि नौकरी के लिए नकदी (कैश फॉर जॉब्स स्कैम) घोटाले के तहत पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस और ईडी को जांच की अनुमति दी थी। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधान के तहत तमिलनाडु के बिजली मंत्री के आवास की तलाशी ली। पिछले महीने आयकर विभाग ने भी बालाजी के करीबियों के घर में छापा मारा था।

### मालगाड़ी के पटरी से उतरने से विजाग-विजयवाड़ा मार्ग पर रेल यातायात प्रभावित

**विशाखापत्तनम (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली जिले में थडी और अनाकापल्ले रेलवे स्टेशनों के बीच बुधवार को एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इससे इस मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। कोयले से लदी मालगाड़ी तडक़े करीब 3.35 बजे पटरी से उतर गई। पटरी से उतरने से विशाखापत्तनम-विजयवाड़ा मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। घटना के कारण दक्षिण मध्य रेलवे ने कम से कम छह ट्रेनों को रद्द कर दिया है और कुछ अन्य ट्रेनों के समय में बदलाव किया है। बुधवार को ट्रेन संख्या 12805 विशाखापत्तनम-लिंगमपल्ली, 22701 विशाखापत्तनम-विजयवाड़ा, 22702 विजयवाड़ा-विशाखापत्तनम और 17240 विशाखापत्तनम-गुंटूर रद्द की गईं। गुरुवार को चलने वाली दो ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इनमें 12806 लिंगमपल्ली-विशाखापत्तनम और 17239 गुंटूर-विशाखापत्तनम शामिल हैं। विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस (20833), जो विशाखापत्तनम से बुधवार सुबह 5.45 बजे निकलने वाली थी, तीन घंटे की देरी से चली।

### प्रशिक्षण के दौरान जवान ने अपने ही साथियों पर बरसाईं गोलियां, दो की मौत

**टोक्यो।** जापान के गिफू शहर में स्थित सैन्य अभ्यास केंद्र में प्रशिक्षण के दौरान जापानी आत्मरक्षा बल के एक सदस्य ने अपने साथियों पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोलीबारी में 2 जवानों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ है। मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने बताया कि गोली चलाने वाले 18 वर्षीय आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना सुबह 9:00 बजे हुई और इस दौरान आरोपी ने एक के बाद एक 8 गोलियां चलाईं। जानकारी के मुताबिक, गोलीबारी में जान गंवाने वाले 2 सदस्य काफी समय से प्रशिक्षण केंद्र में आत्मरक्षा बल में सेवाएं दे रहे थे। इनमें एक 50 साल से, जबकि दूसरे 20 साल से बल से जुड़े हुए थे। बता दें कि जापान में हथियारों को लेकर सख्त कानून होने के बावजूद गोलीबारी की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जुलाई, 2022 में एक सार्वजनिक सभा के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# मणिपुर में ताजा हिंसा में उग्रवादियों ने 9 लोगों की जान ले ली और 25 को घायल कर दिया

❒ **अनौपचारिक सूत्रों ने मरने वालों की संख्या 11 बताई जा रही है**



**इंफाल (आरएनएस)।** इंफाल पूर्वी जिले के खमेलोक गांव में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में 9 ग्रामीणों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। अनौपचारिक सूत्रों ने मरने वालों की संख्या 11 बताई है।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने मंगलवार रात खमेलॉक गांव पर हमला किया और ग्रामीणों पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की जिसमें नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पीड़ित या तो सो रहे थे या अभी-अभी खाना खाया ही था कि चरमपंथियों ने अपने परिष्कृत हाथों से गोलियों की बौछार कर दी। घायलों को तुरंत विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया। मृतकों की संख्या बढऩे की आशंका है क्योंकि कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर 10 करोड़ के सोने के साथ उज्बेकिस्तान के दो नागारिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 10,39,50,00 रुपये मूल्य के 16.5 किलोग्राम सोने की तस्करी के आरोप में एक महिला समेत उज्बेकिस्तान के दो नागरिकों को पकड़ा गया है। शुरुआती तलाशी के दौरान उनके पास कुछ नहीं मिला क्योंकि उन्होंने अधिकारियों को धोखा देने के लिए कन्वेयर बेल्ट के पास सोने से भरा बैग छोड़ दिया था। जब उन्हें पता चला कि वे बेनकाब हो गए हैं, तो अभियुक्तों ने दूसरी उड़ान से भागने का प्रयास किया लेकिन अंतत: पकड़े गए।

सीमा शुल्क अधिकारियों ने कहा कि दोनों अभियुक्तों को विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर पकड़ा है। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि एक मध्य एशियाई देश का व्यक्ति बड़ी मात्रा में विदेशी मूल के सोने के साथ दिल्ली की यात्रा आ रहा है। नतीजतन, आईजीआई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने आने वाले यात्रियों पर कड़ी निगरानी रखी।

अधिकारी ने कहा, उपलब्ध कराई गई खुफिया जानकारी के आधार पर एक यात्री की पहचान की गई और उस पर उस समय से नजर रखी जा रही थी, जब वह विमान से उतरा था। आरोपी को पकड़ लिया गया था, हालांकि, उसके सामान और व्यक्ति की तलाशी में किसी भी तरह के वर्जित सामान का पता नहीं चला।

उसी खुफिया जानकारी के आधार पर एक दूसरे यात्री की पहचान की गई और उसे संदिग्ध रूप से कार्य करते देखा गया।

अधिकारी ने कहा, उसे निगरानी में रखा गया था और जब उसने ग्रीन चैनल को पार करने का प्रयास किया, तो उसे भी रोक लिया गया और उसके सामान की भी जांच की गई, लेकिन कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। बाद में, अधिकारियों को पता चला कि उसने पकड़े जाने के डर से सीमा शुल्क आगमन हॉल के अंदर अपना सामान छोड़ दिया था।

सीमा शुल्क अधिकारियों ने तलाशी ली और बेल्ट नंबर 9 के पास एक अचिह्नित बैग पड़ा मिला, जहां आरोपी को घूमते देखा गया था।

अधिकारी ने कहा, इस बैग को स्कैन करने पर पता चला कि अंदर सोने का सामान है। चूंकि कोई दावेदार उपलब्ध नहीं था, इसलिए बैग खोला गया। इससे जंजीरों के रूप में लगभग 16.5 किलोग्राम सोना बरामद हुआ। इसके बाद अधिकारियों ने तुरंत सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की और बैग छोडऩे वाले व्यक्ति की पहचान की। एक महिला बेल्ट के पास बैग छोड़ती नजर आई। उसका पता लगाने का भरसक प्रयास किया गया। यह संदेह करते हुए कि वह देश से भागने का प्रयास कर सकती है, सीमा शुल्क अधिकारियों की एक टीम को तुरंत आईजीआई हवाई अड्डे के डिपार्चर साइड पर भेज दिया गया। एयर अस्ताना द्वारा अल्माटी के लिए संचालित प्रस्थान उड़ान के यात्रियों की सूची में एक समान नाम वाली यात्री पाई गई जो एचवाई 421 की उड़ान से दिल्ली आई थी। एयर अस्ताना के माध्यम से अलमाटी (कजाकिस्तान) के लिए प्रस्थान करने वाले यात्रियों की व्यक्तिगत जांच की गई।

# महाराष्ट्र में महिला की नृशंस हत्या का मामला पुलिस ने 20 से अधिक लोगों के बयान किए दर्ज

**ठाणे (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के एक फ्लैट में महिला के शव के टुकड़े मिलने की घटना के मामले मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस ने 20 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं. महिला के शव के कुछ टुकड़ों को कथित तौर पर प्रेशर कुकर में उबाला गया था. गौरतलब है कि महिला सरस्वती वैद्य और मनोज साने (56) 'लिव-इन' में रहते थे. साने को कथित तौर पर सरस्वती की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े कर उसे ठिकाने लगाने के मामले में गिरफ्तार किया गया है.

घटना ठाणे जिले के मीरा रोड की है जहां ये लोग एक अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर किराए के फ्लैट में रहते थे. साने को अदालत ने 16 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है. पुलिस उपायुक्त के जयंत बजबाले ने बताया, मामले में सबूत एकत्रित किए जा रहे हैं. अभी तक 20 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं. मिलान के लिए सरस्वती और उसके करीबियों के डीएनए नमूने लिए गए हैं. अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस ने सोमवार को सरस्वती की बहनों को उसके अवशेष सौंप दिए, ताकि उसका अंतिम संस्कार किया जा सके. आरोपी और महिला के बीच हुई बातचीत (चैट व कॉल) के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं.

एक अधिकारी ने बताया कि साने पर सरस्वती को कीटनाशक देकर मारने का संदेह है. उसने कथित तौर पर बोरीवली के पश्चिमी उपनगर की एक दुकान से कीटनाशक खरीदा था. संदेह है कि हत्या चार जून को की गई. हालांकि, इसका खुलासा सात जून को हुआ जब मीरा रोड (पूर्व) स्थित आकाशदीप बिल्डिंग में रहने वाले लोगों ने सरस्वती के फ्लैट से दुर्गंध आने की शिकायत की और उसके आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस फ्लैट का दरवाजा तोड़ उसमें दाखिल हुई.

राशन की एक दुकान पर काम करने वाले साने ने दावा किया कि सरस्वती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी और उसने उसके शव के टुकड़े करके उसे ठिकाने लगाने की कोशिश की. आरोपी ने पुलिस से कथित तौर पर कहा कि वह एचआईवी से संक्रमित है और उसके सरस्वती के साथ कोई शारीरिक संबंध नहीं थे. उसने यह भी दावा किया है कि सरस्वती उसकी पत्नी थी और दोनों 'लिव-इन' में नहीं रह रहे थे.

## एयर इंडिया ने दो पायलटों को निलंबित किया : अनधिकृत महिला को कॉकपिट में बुलाना पड़ा भारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कॉकपिट नियमों के उल्लंघन के बाद, एयर इंडिया ने दो पायलटों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। पायलटों ने एक अनधिकृत महिला को दिल्ली से लेह जाने वाली फ्लाइट एआई-445 के कॉकपिट में प्रवेश करने की अनुमति दी थी। कॉकपिट में एक अनधिकृत महिला यात्री के प्रवेश करने के संबंध में केबिन क्रू से शिकायत मिलने के बाद एयर इंडिया मैनेजमेंट ने पायलट और सह-पायलट को निलंबित कर दिया है। एयरलाइन ने कॉकपिट नियमों के उल्लंघन के बारे में चिंता जताई थी।

घटना के जवाब में, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि वे इस मुद्दे से अवगत हैं। इस मामले में प्रक्रियाओं के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। एक अधिकारी ने कहा है कि एयर इंडिया ने विस्तार से जांच के लिए एक समिति का गठन किया है।

# नाइजीरिया में नदी में नाव डूबने से 103 लोगों की मौत




**अबुजा।** देश के केंद्रीय राज्य क्वारा में एक नाव पलटने से कम से कम 103 लोगों की मौत हो गई और करीब 100 अन्य को बचा लिया गया। क्वारा में पुलिस के प्रवक्ता अजय ओकासनमी ने मंगलवार को शिन्हुआ को बताया कि दुर्घटना सोमवार सुबह राज्य के पाटिगी स्थानीय सरकार क्षेत्र में एक नदी में हुई, जब यात्री मध्य क्षेत्र में पड़ोसी नाइजर राज्य से घर लौट रहे थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ओकासनमी ने कहा कि कुछ अन्य लापता हैं। बचाव अभियान चल रहा है।

पुलिस अधिकारी ने कहा, मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि इस घटना में 200 से अधिक लोग शामिल है। हम शेष को बचाने और अन्य शवों को बरामद करने के लिए बचाव दल और सरकार की अन्य एजेंसियों के साथ सहयोग जारी रखें हैं। पहले के एक बयान में, क्वारा राज्य के गवर्नर अब्दुलरहमान अब्दुलराजक ने कहा कि घटना के पीड़ित पड़ोसी नाइजर में एक शादी समारोह से लौट रहे थे, जब यह घटना हुई। इस पश्चिम अफ्रीकी देश में अक्सर नाव दुर्घटनाओं की खबरें आती रहती हैं।

# एक ही दिन में 5 नई वंदे भारत, 26 जून को पीएम मोदी दिखा सकते हैं हरी झंडी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रेलवे 26 जून से पांच और मार्ग पर पर वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू करेगा। ओडिशा में दो जून को तीन ट्रेनों के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद यह पहली शुरुआत है। इस हादसे में 288 लोगों की मौत हो गयी थी।



रेलवे सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन की शुरुआत करने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि जिन पांच मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू किया जायेगा, उनमें मुंबई-गोवा, बेंगलुरु-हुबली, पटना-रांची, भोपाल-इंदौर और भोपाल-जबलपुर शामिल है।

रेल मंत्रालय ने ओडिशा त्रासदी के बाद मुंबई-गोवा वंदे भारत ट्रेन को शुरू किया था। यह पहला मौका है जब पांच वंदे भारत ट्रेन का परिचालन एक ही दिन शुरू होगा।

# अमेरिकी एनएसए मिले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से : बोले-बाइडेन को राजकीय दौरे का इंतजार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 21-25 जून को होने वाली अपनी आगामी राजकीय यात्रा पर उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुलिवन ने बैठक के दौरान मोदी को द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति के बारे में जानकारी दी।



पीएम मोदी ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के बढऩे और गहराने पर भी संतोष जताया है।

उन्होंने यह भी कहा कि वह भी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ पारस्परिक हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर एक उत्पादक यात्रा और एक आकर्षक बातचीत की उम्मीद कर रहे हैं।

इससे पहले सुलिवन, जो 13 से 14 जून तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं, ने अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल से मुलाकात की।

वह डोभाल के निमंत्रण पर भारत में हैं और उनके साथ अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और अमेरिकी उद्योग के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है।

दोनों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार व्यापक द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक एजेंडे पर व्यापक चर्चा में नियमित रूप से लगे हुए हैं।

मौजूदा यात्रा, जो मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के क्रम में हो रही है, उन्हें अपनी उच्चस्तरीय वार्ता जारी रखने का अवसर देगी, जिसमें दोनों देशों के बीच मजबूत और बहुआयामी सहयोग की समीक्षा शामिल होगी।

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इससे पहले मंगलवार को दोनों एनएसए आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सीमित चर्चा के लिए मिले थे।

बाद में शाम को उन्होंने उद्योग निकाय भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पर भारत-अमेरिका पहल पर दूसरे ट्रैक 1.5 संवाद में भाग लिया।

उन्होंने इस अवसर के दौरान आईसीईटी के तहत हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और दोनों पक्षों के हितधारकों को प्रौद्योगिकी मूल्य श्रृंखला साझेदारी के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे दोनों देशों में उच्च प्रौद्योगिकी उत्पादों और सेवाओं का सह-विकास और सह-उत्पादन होगा।

सूत्र ने कहा कि यात्रा के दौरान सुलिवन विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी मुलाकात करेंगे।